तापमान

भोपाल	19.0°	34.0°
इंदौर	18.0°	35.0°
जबलपुर	20.0°	33.0°
ग्वालियर	22.0°	36.0°
सागर	22.0°	34.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 305, पृष्ठ 12)
आश्विन, कृष्ण सप्तमी संवत् 2083
शनिवार, 3 अक्टूबर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... खादी अपनाएं, स्वदेशी अपनाएं : डॉ. यादव



खेल... एशियन खेल 2026 :धीरज और कुमकुम ने रचा इतिहास...



व्यापार... तीन साल बाद फिर सबसे अमीर भारतीय बने ...



देश-विदेश... मोदी अच्छे दोस्त, फिर भी यूक्रेन युद्ध खत्म ...

ऐतिहासिक क्षण!...

नईदुनिया ब्यूरो, जम्मूः भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में 1178 फीट की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस का 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफल परीक्षण किया। ट्रेन ने भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी ब्रिज को भी इसी गति से पार किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए परीक्षण का वीडियो साझा किया। सफल परीक्षण के बाद श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल के 111 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर ट्रेनों की अधिकतम गति 75 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रति घंटे कर दी गई है। रेल मंत्री ने कहा कि बढ़ी हुई गति के सफल परीक्षण से यूएसबीआरएल परियोजना पर ट्रेन संचालन आसान होगा और यात्रा का समय कम होगा। इससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।



दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज पर 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी

वंदे भारत

अस्पताल में उपचाररत पायलट स्मित ने मोदी से वीडियो कॉल में कहा...

हनुमान चालीसा पाठ करते हुए खोला था कॉकपिट का दरवाजा

... और मौत के मुंह से बाहर निकल आए विमान में सवार 180 लोग

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विमान में सवार 174 यात्रियों व क्रू मेंबर समेत 180 लोगों की जान बचाने वाले पायलट कैप्टन स्मित माछर से करीब नौ मिनट तक वीडियो कॉल पर बातचीत की। स्मित ने बताया कि विमान में अचानक झटका लगा और वे नीचे गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद उन्हें महसूस हुआ कि विमान नीचे जा रहा है और यह आखिरी मौका है। उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोला। स्मित ने बताया कि वह मुश्किल समय में हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और घटना के दौरान भी इसका पाठ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भगवान ने सभी की रक्षा की।



प्रधानमंत्री श्री मोदी से बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित भावुक हो गए। मोदी ने उनके साहस और सूझबूझ की सराहना करते हुए उनके माता-पिता को भी प्रणाम किया। कैप्टन स्मित फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात के अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

खिलाड़ियों को बधाई

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम और महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाली अंकिता भक्त, कुमकुम अनिल मोहोड और कीर्ति को बधाई दी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की 44 साल बाद 'गोल्डन जीत'



- एशियाई खेलों के 13वें दिन भारत के खाते में छह स्वर्ण पदक आए

नागोया, एजेंसीः भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीत लिया। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को 1-0 से हराया। भारत की ओर से लालरेमसियामी ने निर्णायक गोल किया। इससे पहले 1982 में भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों के 13वें दिन भारत के खाते में छह स्वर्ण पदक आए। मुक्केबाजी में अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत कलकल ने कुश्ती के पुरुषों की 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण अपने नाम किया। परवीन हुड्डा ने महिलाओं की 65 किलोग्राम और लवलीना बोरगोहेन ने महिलाओं की 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एक ही एशियाई खेल में पहली बार भारत के तीन मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक हासिल किया। दिन की शुरुआत भारतीय महिला तीरंदाजी टीम के रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने से हुई। महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम जीत ने भारत के पदकों की संख्या में और इजाफा किया।

गृहमंत्री अमित शाह आज करेंगे गौपालक सम्मेलन का शुभारंभ

- गौपालक दीदियों का होगा सम्मान, डेयरी परियोजनाओं का भूमि-पूजन और गौशालाओं को अनुदान वितरण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में दुग्ध क्रांति के सूत्रपात के लिए केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 अक्टूबर को भोपाल में गौपालक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से भेल दशहरा मैदान में आयोजित सम्मेलन में प्रदेशभर के गौपालक शामिल होंगे।

कार्यक्रम में अमित शाह पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गौपालक दीदियों को सम्मानित करेंगे। वे डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। केंद्रीय मंत्री उज्जैन



में तीन लाख लीटर प्रतिदिन प्रसंस्करण क्षमता वाले अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र का वर्चुअल भूमि-पूजन करेंगे। भोपाल में तैयार 40 हजार लीटर उत्पादन क्षमता वाले फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी संयंत्र का शुभारंभ भी किया जाएगा। इसके साथ ही मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन भोपाल परिसर में सहकारी क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक राज्य स्तरीय डेयरी परीक्षण प्रयोगशाला और शिवपुरी के मिनी डेयरी संयंत्र का भी शुभारंभ होगा।

सम्मेलन में भोपाल और इंदौर दुग्ध संघ के दुग्ध उत्पादकों को बोनस राशि वितरित की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत और संचालित गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के रखरखाव एवं भरण-पोषण के लिए जुलाई और अगस्त 2026 की अनुदान राशि ऑनलाइन प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से वितरित की जाएगी। यह राशि गौशालाओं में दर्ज गोवंश के आहार और भरण-पोषण के लिए दी जाती है। अमित शाह भोपाल बायपास भौरी के पास भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान परिसर का शिलान्यास और परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

खास-खबरें

हिंदी लिखने पर दो अधिकारी निलंबित

नईदुनिया ब्यूरो, चेन्नईः तमिलनाडु सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग संकेतक पर हिंदी में स्थानों के नाम लिखे जाने के मामले में दो सहायक अभियंताओं को निलंबित कर दिया। मामला तूतीकोरिन के सत्तानकुलम-नाजरेथ राज्य राजमार्ग-93 का है, जहां नए संकेतक पर तमिल और अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी कस्बों के नाम लिखे गए थे। सरकार ने इसे राज्य की दो-भाषा नीति का उल्लंघन बताया है। वर्ष 2026 में हिंदी में लिखे नाम हटाने का यह तीसरा मामला है। इससे पहले मार्च में तिरुचिरापल्ली और सिंगानल्लूर से जुड़े मामलों में हिंदी लिखावट हटाई गई थी।

अभिनेता डीनो मोरिया को गिरफ्तार किया

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः अभिनेता डीनो मोरिया के मीठी नदी डीसिल्टिंग घोटाले के मामले में गिरफ्तार होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार सुबह वे मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले में नदी सफाई के नाम पर 65 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। जांच में मोरिया का नाम संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों से कथित संबंधों को लेकर सामने आया है। इस मामले में कई और लोगों के नाम शामिल होने की जांच हो रही है।

भारत ने अंतरिक्ष में भेजा पहला एआई सैटेलाइट

- अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन के बाद ऐसी क्षमता वाला चौथा देश बना भारत



नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः भारत ने ऐसा पहला एआई सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा है, जो तस्वीरें लेने के साथ उनका विश्लेषण भी अंतरिक्ष में ही करेगा। इससे सीमा निगरानी और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी तथा तस्वीरों और डेटा को धरती तक भेजने में लगने वाला समय और खर्च कम होगा। हैदराबाद की कंपनी टेकमीटूस्पेस का एमओआई-1ए सैटेलाइट स्पेसएक्स के ट्रांसपोर्टर-18 मिशन से रात 11:48 बजे प्रक्षेपित किया गया। कंपनी के अनुसार यह भारत का पहला कक्षीय कंप्यूटिंग सैटेलाइट है। अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन के बाद भारत ऐसी क्षमता वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है।

एमओआई-1ए 120 वॉट क्षमता वाला 13 किलोग्राम का 6यू एआई सैटेलाइट है, जो अंतरिक्ष में ही डेटा संसाधित करेगा। अभी सैटेलाइट से प्राप्त डेटा पहले धरती पर भेजा जाता है और इसके बाद उसकी जांच तथा विश्लेषण किया जाता है। नए सैटेलाइट में यह प्रक्रिया अंतरिक्ष में ही संभव होगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रौनक कुमार सामंत राय के अनुसार, यदि सैटेलाइट 300 जीबी डेटा जुटाता है।

पुतिन ने नाटो देशों को दी परमाणु हथियारों की धमकी



मॉस्को, एजेंसीः रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अगर रूस के कलिनिनग्राद क्षेत्र पर सीधा हमला होता है तो रूस अपने सभी उपलब्ध हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं। उन्होंने यह बात गुरुवार को मॉस्को में वल्दाई फोरम में कही। पुतिन ने कहा कि रूस किसी यूरोपीय देश पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा है, लेकिन अपनी जमीन पर किसी हमले की स्थिति में जवाब देगा। कलिनिनग्राद रूस का मुख्य भू-भाग से अलग स्थित क्षेत्र है, जो पोलैंड और लिथुआनिया के बीच बाल्टिक सागर के तट पर है। दोनों देश नाटो के सदस्य हैं। रूस के लिए यह क्षेत्र रणनीतिक और सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण है। पुतिन की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब रूस और नाटो के बीच कलिनिनग्राद को लेकर तनाव बढ़ा है।

संबोधन संघ प्रमुख ने कहा- धर्म और राष्ट्र अलग नहीं, दोनों एक-दूसरे पर निर्भर...

धर्म संकट में आया तो भुगतना पड़ेगा खामियाजा: भागवत

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में सहायता करता है। उन्होंने कहा कि यदि धर्म संकट में आता है तो उसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ सकता है। भागवत मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि राष्ट्र और धर्म एक-दूसरे पर निर्भर हैं। यदि एक मौजूद है तो दूसरा भी मौजूद रहता है और यदि एक नहीं है तो दूसरे का अस्तित्व



भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया विकास और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन तलाश रही है। ऐसे में भारत की ज्ञान परंपरा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी दूसरे देशों पर कब्जा करने या लोगों का धर्म बदलने का प्रयास किए बिना अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा किया। उनके अनुसार, दुनिया यह मानती है कि कई समस्याओं के समाधान का रास्ता भारत से निकल सकता है। उन्होंने भारत की विशाल ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और भगवद्गीता के साथ जैन आगम, त्रिपिटक, गुरु ग्रंथ साहिब और संतों की शिक्षाओं को भी इसका हिस्सा बताया।

ज्ञान व परंपराओं की रक्षा मानवता की सेवा

भागवत ने कहा कि भारत के पास ज्ञान का ऐसा विशाल भंडार है जिसकी आज दुनिया को आवश्यकता है। उन्होंने भक्ति की शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से ईश्वर के करीब पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस ज्ञान और परंपरा को आगे बढ़ाने वाले लोगों के जीवन तथा परंपराओं की रक्षा करना केवल धार्मिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा भी है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति या परंपरा की रक्षा करना केवल एक जीवन को सुरक्षित करना नहीं है, बल्कि मानव जाति के सुरक्षित भविष्य की रक्षा करने का प्रयास भी है।

VIT BHOPAL
www.vitbhopal.ac.in

Welcome to the

7th ANNUAL CONVOCATION

03.10.2026 (Saturday) | 10.00 AM
VIT Bhopal University, Bhopal - Indore Highway,
Kothrikalan, Dist. Sehore, M.P.



Chief Guest
General Upendra Dwivedi PVSM, AVSM (Retd)
Former COAS and
Architect of Operation Sindoor



Guest of Honour
Dr. Vinod Kumar
Director, Promotion Directorate, Indian National Space Promotion and Authorization Centre (IN-SPACe), Department of Space, Government of India

Dr. G. Viswanathan
Founder & Chancellor, VIT
will preside

Dr. Sankar Viswanathan
Vice-President, VIT

Ms. Kadhambari S. Viswanathan
Assistant Vice-President, VIT

www.vitbhopal.ac.in